**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–3 का उत्तरः–**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| **3–(क)** क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर में तैनात कितने कर्मियों की मृत्यु दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से 30 दिसम्बर, 2021 के मध्य हुयी थी? | जी हॉ। मुख्य चिकित्साधिकारी, मिर्जापुर के अधीन कार्यरत् चार कार्मिकों (02 वरिष्ठ सहायक, 01 वरिष्ठ चिकित्साधिकारी एवं 01 नेत्र परीक्षण अधिकारी) की मृत्यु दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से 30 दिसम्बर, 2021 के मध्य हुई थी। |
| **(ख)** क्या निदेशक प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0 के 4डी(1)/36/2022/1119 दिनांक 02–03–2022 के क्रम में कोई कार्यवाही की गयी है? | जी हॉ। उक्त पत्र के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मिर्जापुर के पत्र दिनांक 11.07.2022 द्वारा आपत्तियों का निराकरण कर मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजित किये जाने का प्रस्ताव महानिदेशालय के पत्र दिनांक 17.08.2022 द्वारा महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित कर दिया गया है। |
| **(ग)** यदि नहीं, तो क्या उनके समस्त देयकों का भुगतान यथाशीघ्र करायेंगे? | संबंधित वरिष्ठ सहायक के समस्त देयकों का भुगतान जैसे नगदीकरण, जी0आई0एस0, लिंक इन्श्योरेन्स का भुगतान कर दिया गया है। पेंशन स्वीकृत हेतु समस्त प्रपत्र अपर निदेशक, पेंशन कोषागार विन्ध्यांचल मण्डल, मिर्जापुर को भेजे जा चुके हैं। |
| **(घ)** क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**
**उप मुख्यमंत्री,**
**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग।**